## इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

# सब कुछ योजना के अनुसार न होने पर भी सफल रहा मिशन

**चंद्रयान-2 को लेकर बोले पीएम मोदी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/कोलकाता

कोलकाता में मंगलवार को पांचवें इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल 2019 का आगाज हुआ। फेस्टिवल का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इस मौके पर पीएम ने कहा कि देश में साइंस और टेक्नोलॉजी का इकोसिस्टम बहुत मजबूत होना चाहिए। एक ऐसा इकोसिस्टम जो प्रभावी भी हो और प्रेरक भी हो। हम इसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मोदी ने कहा कि मैं आपको हाल ही का एक उदाहरण देता हूं। हमारे वैज्ञानिकों ने चंद्रयान 2 पर बहुत मेहनत की थी और इससे बहुत उम्मीदें पैदा हुई थीं। सब कुछ योजना के अनुसार नहीं हुआ, फिर भी यह मिशन सफल था।

उन्होंने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी की उन्नति के बिना कोई देश प्रगति नहीं कर सकता है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने दुनिया को चोटी के वैज्ञानिक दिए हैं। पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल का 5वां एडिशन ऐसे स्थान पर हो रहा है, जिसने ज्ञान-विज्ञान के हर क्षेत्र में मानवता की सेवा करने वाली महान विभूतियों को पैदा किया है। उन्होंने कहा कि ये फेस्टिवल ऐसे समय में हो रहा है, जब 7 नवंबर को सीवी रमन और 30 नवंबर को जगदीश चंद्र बोस की जन्मजयंती मनाई जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें सोचना होगा कि साइंस का उपयोग कैसे लोगों के जीवन को सुगम बनाने में किया जा सकता है। इसलिए साइंस फॉर सोसाइटी का बहुत महत्व है। जब सभी वैज्ञानिक, सभी देशवासी इस सोच के साथ आगे बढ़ेंगे, तो देश का भी लाभ होगा।



- पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम को किया संबोधित
- देश में साइंस और टेक्नोलॉजी का इकोसिस्टम बहुत मजबूत होना चाहिए
- भारत ने दुनिया को चोटी के वैज्ञानिक दिए

### 'दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं जिसने विज्ञान और तकनीक के बिना तरक्की की'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है जिसने बिना विज्ञान और तकनीक के तरक्की की हो। भारत ने दुनिया को कई महान वैज्ञानिक दिए हैं। हमारा इतिहास हमें गौरवान्वित करता है। हमारा वर्तमान भी विज्ञान से पूरी तरह से प्रभावित है। मोदी ने कहा- भविष्य के प्रति हमारी जिम्मेदारी है कि हम मानव मूल्यों के साथ विज्ञान और तकनीक को लेकर आगे बढ़ें। सरकार नवीनता और अविष्कार को संस्थान के स्तर पर सहयोग कर रही है। विज्ञान और तकनीक को लेकर बनाया गया इकोसिस्टम और मजबूत हुआ है। इस वर्ष फेस्टिवल की थीम राइजन इंडिया रखी गई है। इसमें आर-रिसर्च, आई-इनोवेशन और साइंस एम्पॉवरिंग द नेशन पर जोर देने की बात कही गई है।

- सरकार नवीनता और अविष्कार को संस्थान के स्तर पर सहयोग कर रही है

### 'वैज्ञानिक अनुसंधान नूडल्स तैयार करने या पिज्जा खरीदने की तरह नहीं'

उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान नूडल्स तैयार करने या पिज्जा खरीदने की तरह नहीं हो सकता, इसके लिए धैर्य की आवश्यकता होती है और ऐसे शोधों के परिणाम लोगों को दीर्घकालिक समाधान प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान में नाकामी नहीं होती सिर्फ प्रयास और प्रयोग होते हैं तथा सफलता होती है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए आप आगे बढ़ेंगे तो विज्ञान के क्षेत्र में भी आपको दिक्कत नहीं आएगी और जीवन में भी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आवश्यकता को पहले आविष्कार की जननी माना जाता था, और अब आविष्कार ने ही जरूरतों की सीमाओं को बढ़ाया है। उन्होंने शोधकर्ताओं से प्रयोगों के दौरान दीर्घावधिक लाभ और समाधान पर विचार करने का आग्रह करते हुए उनसे कहा कि वे अंतरराष्ट्रीय नियमों और मानकों को ध्यान में रखें। उन्होंने कहा,"विज्ञान में रूचि को वैज्ञानिक तरीके से रास्ता दिखाना चाहिए। इस जिज्ञासा को रास्ता दिखाना और उन्हें एक मंच देना हमारी जिम्मेदारी है। हमें मानवीय मूल्यों के साथ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अनुसंधानों को आगे ले जाना होगा। हमारे देश ने दुनिया के कई शीर्ष वैज्ञानिक दिये हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा लगता है कि वैज्ञानिक अनुसंधान ने युवा छात्रों में जिज्ञासा और प्रेरणा की एक नयी लहर पैदा की है।

### छात्रों और फैकेल्टी की फिटनेस के लिए जारी किया फरमान

## अब शिक्षण संस्थानों के कैंपस के अंदर 'साइकिल' से होगा आना-जाना

**नई दिल्ली(कविता जोशी)।** केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसी वर्ष 29 अगस्त को राजधानी दिल्ली से लांच किए गए 'फिट इंडिया मूवमेंट' के जरिए देश के सभी उच्च-शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों और फैकेल्टी के बीच फिटनेस की अलख जगाने की तैयारी पूरी कर ली है। मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि इसमें केंद्रीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपलआईटी, आयसर और आईआईएम जैसे संस्थानों को मंत्रालय की ओर से मंगलवार को एक पत्र भी भेजा गया है, जिसमें सभी को अपने कैंपस के अंदर फिटनेस से जुड़ी हुई किसी भी एक गतिविधि को नियमित रूप से शुरु करने को कहा गया है। इसमें छात्रों, शिक्षकों समेत अन्य कर्मचारियों को कैंपस के अंदर एक जगह से दूसरी जगह पर आने-जाने के लिए गाड़ियों की बजाय साइकिल का प्रयोग करने का एक अहम निर्देश भी शामिल है।

**WOODSVILLA LIMITED**
CIN: L55101DL1994PLC030472
Registered Office: E-4 Defence Colony, New Delhi 110024
Ph: 011-41552060,
Website: www.woodsvilla.in
Email: woodsvillaresort@gmail.com
**NOTICE**
NOTICE is hereby given, in compliance of Regulation 29 read with Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligation and Disclosure Requirements), Regulations, 2015, that a meeting of the Board of Directors of WOODSVILLA LIMITED will be held on Thursday, 14th November, 2019, inter-alia to consider and approve the Un-audited Financial Results of the Company for the quarter and half yearly ended 30th September, 2019. After the conclusion of the meeting, the outcome thereof will be available at the company's website http://www.woodsvilla.in/ and may also be on the Stock Exchange's website at https://www.bseindia.com/.
By order of the Board
For Woodsvilla Limited
Akansha Rawat
Company Secretary
Place: New Delhi
Date: 06.11.2019

**SINDHU TRADE LINKS LIMITED**
**Regd. Office:** 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi -110035
**CIN: L63020DL1992PLC121695**
**NOTICE**
Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the meeting of the Board of Directors of the Company will be convened on **Tuesday, 12th November, 2019 at 03.00 P.M.** at 7th Floor, Corporate Office Tower, Ambience Mall, N. H.– 08, Gurgaon –122002 inter alia, to consider and approve the Unaudited Financial Results (Consolidated) IND –AS compliant of the Company for the quarter ended on 30th September, 2019.
Further as per SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulation, 2015 the Trading Window for trading in equity shares of the Company for all the Directors and Employees of the Company shall remain closed from November 06th, 2019 to November 12th, 2019 (Both Days Inclusive).
This said information is also available on the Company's website at www.sindhutrade.com and may also be available on the website of the stock exchange at www.bseindia.com.
**By the order of the Board**
**For Sindhu Trade Links Limited**
Sd/-
Satya Pal Sindhu
Managing Director
Date: 06th November, 2019
Place: New Delhi

### खबर संक्षेप

#### बच्ची को लेकर भागे पिता के खिलाफ इंटरपोल ने जारी किया रेड कॉर्नर नोटिस

**नई दिल्ली।** सीबीआई के अनुरोध पर इंटरपोल ने उस बच्ची की खोज शुरू कर दी है, जिसे लेकर उसके पिता हताशा में अदालत के आदेशों का उल्लंघन करते हुए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) भाग गए थे। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई के अनुरोध पर वैश्विक एजेंसी ने ढाई वर्षीय बच्ची रैना के लिए एक येलो नोटिस जारी किया है, जबकि पिता अमन लोहिया के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। विदेश मंत्रालय ने यूएई के अधिकारियों को नौ सितंबर को एक नोट भी भेजा था, ताकि अमन को देश से बाहर जाने से रोका जा सके। इंटरपोल द्वारा गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए सदस्य देशों के अनुरोध पर यलो नोटिस जारी किया जाता है, जबकि किसी भगोड़े की गिरफ्तारी के लिए रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया जाता है।

## सुप्रीम कोर्ट अयोग्य विधायकों के मामले में येद्दुयुरप्पा के आडियो क्लिप पर करेगा गौर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह कांग्रेस-जेडीएस के अयोग्य घोषित किये गये 17 विधायकों के मामले में मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा के आडियो क्लिप पर विचार करेगा जो कथित रूप से इस विधायकों के संदर्भ में है। न्यायमूर्ति एन वी रमण, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति कृष्णा मुरारी की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि चूंकि यह मामला उसके संज्ञान में लाया जा गया है, इसलिए शीर्ष अदालत इस पर विचार करेगी। हालांकि, पीठ ने यह स्पष्ट नहीं किया कि क्या वह इस आडियो क्लिप को रिकार्ड में शामिल करेगी।



### मुख्यमंत्री ने कहा: अग्नि परीक्षा के समान थे सरकार के 100 दिन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने मंगलवार को कहा कि राज्य में भीषण बाढ़ के कारण उनकी सरकार के पहले 100 दिन अग्नि परीक्षा के समान थे। उन्होंने कहा कि ये 100 दिन अग्नि परीक्षा की तरह थे। राज्य में पिछले 120 वर्षों में कभी भी इस तरह की बाढ़ नहीं देखी गई। जब सैकड़ों गाँव जलमग्न हो गए थे और हमने एक महीना उन बाढ़ प्रभावित इलाकों में बिताया तथा केंद्र सरकार से सहायता ली। मुख्यमंत्री कन्नड़ में एक पुस्तक दीना नूरू, साधने नूरू (सौ दिन, सैकड़ों उपलब्धियां) के विमोचन के मौके पर बोल रहे थे। येदियुरप्पा ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों के राहत के लिए उनकी सरकार द्वारा उठाए गए कदम पिछले 100 दिनों में सबसे बड़ी उपलब्धि हैं। उन्होंने दावा किया कि किसी भी अन्य राज्य ने कभी इस पैमाने पर राहत कार्य नहीं चलाया। अधिकारियों, मंत्रियों और विधायकों ने बाढ़ प्रभावितों को राहत मुहैया कराने के लिए अपनी सीमा से आगे जाकर काम किया। उन्होंने जोर दिया कि आने वाले दिनों में राज्य का ध्यान किसानों, सिंचाई, आवास, बेंगलुरु के विकास, औद्योगिक विकास और पर्यटन में सुधार पर होगा।



- राज्य में पिछले 120 वर्षों में कभी भी इस तरह की बाढ़ नहीं देखी

## बंगाल सरकार शिक्षकों के लिए यूजीसी का संशोधित वेतनमान लागू करेगी: ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार एक जनवरी से उच्च शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षकों के लिए सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार यूजीसी का संशोधित वेतनमान लागू करेगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने यहां कहा कि नये वेतनमान को लागू करने से सरकारी खजाने पर एक हजार करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा। यह सरकारी महाविद्यालयों, सरकारी सहायताप्राप्त महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में लागू होगा।

### सम्मान...




ईटानगर में मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान पुरस्कार देते अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और केंद्रीय मंत्री प्रताप चंद्र सारंगी।

### पिता के नाम के बदले डॉ. कलाम के नाम पर दिए जाएंगे अवॉर्ड: जगमोहन

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी ने मंगलवार को शिक्षा के क्षेत्र में दिए जाने वाले अवॉर्ड का नाम फिर से 'डॉ. एपीजे कलाम प्रतिभा पुरस्कार' करने का आदेश दिया। इससे पहले उन्होंने सोमवार को इस अवॉर्ड का नाम 'वाईएसआर विद्या पुरस्कार' कर दिया था। इसे लेकर उन्हें विपक्ष और मुस्लिम समुदाय की आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। सरकारी आदेश में कहा गया कि सरकार ने फिर से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिए जाने वाले पुरस्कार 'वाईएसआर विद्या पुरस्कार' का नाम बदलकर पूर्व राष्ट्रपति के नाम पर 'डॉ. कलाम प्रतिभा पुरस्कार' कर दिया है।



### 'नो प्रॉफिट-नो लॉस' में व्यवसाय करने का लिया निर्णय

# बुजुर्गों के लिए कारोबारियों ने छोड़ा मुनाफा

*संस्थान ने 50 हजार आनंदकों के माध्यम से यह मुहिम शुरू की है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में बुजुर्गों की सेवा और सम्मान की खातिर सैकड़ों कारोबारी और दुकानदारों ने अपना मुनाफा छोड़ने का ऐलान किया है। अध्यात्म विभाग द्वारा संचालित राज्य आनंद संस्थान की पहल पर प्रदेश के कई जिलों में बड़ी संख्या में व्यापारियों ने बुजुर्ग ग्राहकों के साथ 'नो प्रॉफिट-नो लॉस' में व्यवसाय करने का निर्णय किया है। इसके लिए इन प्रतिष्ठान संचालकों ने शासन को घोषणा पत्र भी सौंपा है। राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के सभी जिलों में राज्य आनंद संस्थान ने अपने 50 हजार आनंदकों के माध्यम से यह मुहिम शुरू की है।

**खास बात**

- करीब 700 कारोबारियों ने अपना मुनाफा छोड़ने का निर्णय किया है

#### व्यापारी बोले- आनंद और आध्यात्मिक संतुष्टि के लिए यह किया



व्यापारी कहते हैं कि उन्होंने अपने आनंद और आध्यात्मिक संतुष्टि के लिए किया है। एक अक्टूबर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर कुछ अलग और सार्थक प्रयास करने के लिए आनंद संस्थान ने भोपाल से यह शुरुआत की, जिसे अन्य शहरों के कारोबारियों ने भी हाथों-हाथ लिया और सहर्ष अपनी ओर से यह एलान कर दिया कि वे बुजुर्ग ग्राहकों से मुनाफा नहीं लेंगे।

#### इन शहरों में अच्छा रिस्पांस

मध्यप्रदेश के बड़े शहर इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन के अलावा विदिशा, बड़वानी और मंडला जैसे छोटे शहरों में भी बड़ी संख्या में व्यापारियों ने यह घोषणा कर दी। इनमें होटल-रेस्टोरेंट, अस्पताल, दवा विक्रेता, किराना व्यवसायी, जनरल स्टोर्स, डिपार्टमेंटल स्टोर, फिजियोथैरेपिस्ट, कोचिंग इंस्टीट्यूट और सलून संचालक से लेकर कारपेंटर आदि ने भी सहर्ष आगे आकर बुजुर्गवार ग्राहकों को अधिकतम रियायत देने का एलान किया है।

#### सामाजिक स्तर पर पहली शुरुआत: अर्गल

राज्य आनंद संस्थान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अखिलेश अर्गल बताते हैं कि शासन द्वारा बुजुर्गों के लिए कई योजनाएं संचालित की गई हैं, लेकिन सामाजिक स्तर पर यह पहली शुरुआत है। इसमें सभी कारोबारियों ने स्वेच्छा से यह निर्णय किया है। इसमें बजट और पैसों का कोई लेनदेन नहीं रहेगा।



## हरिद्वार – देहरादून सैक्शन पर देहरादून यार्ड के रीमॉडलिंग कार्य के चलते रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण/आंशिक निरस्तीकरण

रेलवे की आधारिक संचरना को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उत्तर रेलवे द्वारा हरिद्वार – देहरादून सैक्शन पर देहरादून यार्ड का रीमॉडलिंग कार्य सम्पादित किया जायेगा। इस कार्य के सम्पादन के लिए उत्तर रेलवे द्वारा दिनांक 10.11.2019 से 07.02.2020 तक 90 दिनों के ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे। परिणामस्वरूप, निम्नलिखित रेलगाड़ियां निम्न विवरण के अनुसार अस्थाई रूप से प्रभावित रहेंगी :–

### रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | तिथि (आरंभिक स्टेशन से) | रेलगाड़ी सं. एवं नाम | तिथि (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|
| 14265 वाराणसी – देहरादून जनता एक्सप्रेस | 09.11.19 to 06.02.20 | 14310 देहरादून – उज्जैन उज्जैनी एक्सप्रेस | 12.11.19 to 05.02.20 |
| 14266 देहरादून – वाराणसी जनता एक्सप्रेस | 10.11.19 to 07.02.20 | 14317 इंदौर – देहरादून एक्सप्रेस | 09.11.19 to 09.02.20 |
| 14119 काठगोदाम – देहरादून एक्सप्रेस | 09.11.19 to 08.02.20 | 14318 देहरादून – इंदौर एक्सप्रेस | 08.11.19 to 08.02.20 |
| 14120 देहरादून – काठगोदाम एक्सप्रेस | 08.11.19 to 07.02.20 | 12055 नई दिल्ली – देहरादून जन शताब्दी | 11.11.19 to 09.02.20 |
| 14631 देहरादून – अमृतसर एक्सप्रेस | 10.11.19 to 07.02.20 | 12056 देहरादून – नई दिल्ली जन शताब्दी | 11.11.19 to 08.02.20 |
| 14632 अमृतसर – देहरादून एक्सप्रेस | 09.11.19 to 06.02.20 | 15033 हरिद्वार – रामनगर एक्सप्रेस | 14.11.19 to 06.02.20 |
| 14041 दिल्ली – देहरादून मसूरी एक्सप्रेस | 09.11.19 to 06.02.20 | 15034 रामनगर – हरिद्वार एक्सप्रेस | 14.11.19 to 06.02.20 |
| 14042 देहरादून – दिल्ली मसूरी एक्सप्रेस | 10.11.19 to 07.02.20 | 14606 जम्मू तवी – हरिद्वार एक्सप्रेस | 10.11.19 to 02.02.20 |
| 24041 नजीबाबाद – कोटद्वार मसूरी एक्सप्रेस | 10.11.19 to 07.02.20 | 14605 हरिद्वार – जम्मू तवी एक्सप्रेस | 11.11.19 to 03.02.20 |
| 24042 कोटद्वार – नजीबाबाद मसूरी एक्सप्रेस | 10.11.19 to 07.02.20 | 19019/29019 बांद्रा टर्मिनस – देहरादून/ मंदसौर–मेरठ सिटी लिंक एक्सप्रेस | 08.11.19 to 06.02.20 |
| 12091 देहरादून – काठगोदाम जन शताब्दी | 10.11.19 to 07.02.20 | | |
| 12092 काठगोदाम – देहरादून जन शताब्दी | 10.11.19 to 07.02.20 | 19020/29020 देहरादून – बांद्रा टर्मिनस/ मेरठ सिटी–मंदसौर लिंक एक्सप्रेस | 10.11.19 to 08.02.20 |
| 22659 कोच्चुवेली – देहरादून एक्सप्रैस | 08.11.19 to 31.01.20 | | |
| 22660 देहरादून – कोच्चुवेली एक्सप्रैस | 11.11.19 to 03.02.20 | 12063 हरिद्वार – ऊना हिमाचल जन शताब्दी | 12.11.19 to 07.02.20 |
| 19565 ओखा – देहरादून उत्तरांचल एक्सप्रेस | 15.11.19 to 31.01.20 | 12064 ऊना हिमाचल – हरिद्वार जन शताब्दी | 11.11.19 to 08.02.20 |
| 19566 देहरादून – ओखा उत्तरांचल एक्सप्रेस | 17.11.19 to 02.02.20 | 54341 सहारनपुर – देहरादून पैसेंजर | 11.11.19 to 08.02.20 |
| 14309 उज्जैन – देहरादून उज्जैनी एक्सप्रेस | 13.11.19 to 06.02.20 | 54342 देहरादून – सहारनपुर पैसेंजर | 11.11.19 to 08.02.20 |

### रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | स्टेशन जहां रेलगाड़ी समाप्त/प्रारम्भ होगी | स्टेशनों के बीच निरस्त रहेगी | तिथि (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|
| 13009 हावड़ा – देहरादून दून एक्सप्रेस | हरिद्वार पर | हरिद्वार – देहरादून | 08.11.2019 से 05.02.2020 |
| 13010 देहरादून – हावड़ा दून एक्सप्रेस | हरिद्वार से | देहरादून – हरिद्वार | 10.11.2019 से 07.02.2020 |
| 12401 कोटा – देहरादून मगध एक्सप्रेस | हर्रावाला पर | हर्रावाला – देहरादून | 09.11.2019 से 23.12.2019 |
| 12401 कोटा – देहरादून मगध एक्सप्रेस | हरिद्वार पर | हरिद्वार – देहरादून | 24.12.2019 से 06.02.2020 |
| 12402 देहरादून – कोटा मगध एक्सप्रेस | हर्रावाला से | देहरादून – हर्रावाला | 10.11.2019 से 24.12.2019 |
| 12402 देहरादून – कोटा मगध एक्सप्रेस | हरिद्वार से | देहरादून – हरिद्वार | 25.12.2019 से 07.02.2020 |
| 12017 नई दिल्ली – देहरादून शताब्दी एक्स. | हर्रावाला पर | हर्रावाला – देहरादून | 10.11.2019 से 24.12.2019 |
| 12017 नई दिल्ली – देहरादून शताब्दी एक्स. | हरिद्वार पर | हरिद्वार – देहरादून | 25.12.2019 से 07.02.2020 |
| 12018 देहरादून – नई दिल्ली शताब्दी एक्स. | हर्रावाला से | देहरादून – हर्रावाला | 10.11.2019 से 24.12.2019 |
| 12018 देहरादून – नई दिल्ली शताब्दी एक्स. | हरिद्वार से | देहरादून – हरिद्वार | 25.12.2019 से 07.02.2020 |
| 12327 हावड़ा – देहरादून उपासना एक्सप्रेस | हरिद्वार पर | हरिद्वार – देहरादून | 12.11.2019 से 04.02.2020 |
| 12328 देहरादून – हावड़ा उपासना एक्सप्रेस | हरिद्वार से | देहरादून – हरिद्वार | 13.11.2019 से 05.02.2020 |
| 15005 गोरखपुर – देहरादून एक्सप्रेस | नजीबाबाद पर | नजीबाबाद – देहरादून | 13.11.2019 से 05.02.2020 |
| 15006 देहरादून – गोरखपुर एक्सप्रेस | नजीबाबाद से | देहरादून – नजीबाबाद | 12.11.2019 से 06.02.2020 |
| 15001 मुजफ्फरपुर – देहरादून एक्सप्रेस | नजीबाबाद पर | नजीबाबाद – देहरादून | 11.11.2019 से 03.02.2020 |
| 15002 देहरादून – मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस | नजीबाबाद से | देहरादून – नजीबाबाद | 16.11.2019 से 01.02.2020 |
| 19031 अहमदाबाद – देहरादून हरिद्वार मेल | मेरठ सिटी पर | मेरठ सिटी – देहरादून | 09.11.2019 से 06.02.2020 |
| 19032 देहरादून – अहमदाबाद हरिद्वार मेल | मेरठ सिटी से | देहरादून – मेरठ सिटी | 10.11.2019 से 07.02.2020 |
| 14712 श्री गंगानगर – हरिद्वार एक्सप्रेस | अम्बाला कैंट पर | अम्बाला कैंट – हरिद्वार | 10.11.2019 से 07.02.2020 |
| 14711 हरिद्वार – श्री गंगानगर एक्सप्रेस | अम्बाला कैंट से | हरिद्वार – अम्बाला कैंट | 10.11.2019 से 07.02.2020 |
| 12054 अमृतसर – हरिद्वार जन शताब्दी | सहारनपुर पर | सहारनपुर – हरिद्वार | 10.11.2019 से 07.02.2020 |
| 12053 हरिद्वार – अमृतसर जन शताब्दी | सहारनपुर से | हरिद्वार – सहारनपुर | 10.11.2019 से 07.02.2020 |
| 12055 नई दिल्ली – देहरादून जन शताब्दी | हरिद्वार पर | हरिद्वार – देहरादून | 10.11.2019 |
| 14113 इलाहाबाद/अलीगढ़ – देहरादून एक्स. | अलीगढ़ पर | अलीगढ़ – देहरादून | 08.11.2019 से 07.02.2020 |
| 14114 देहरादून – इलाहाबाद/अलीगढ़ एक्स. | अलीगढ़ से | देहरादून – अलीगढ़ | 10.11.2019 से 09.02.2020 |
| 12687 मदुरै – देहरादून एक्सप्रेस | सहारनपुर पर | सहारनपुर – देहरादून | 06.11.2019 से 02.02.2020 |
| 12688 देहरादून – मदुरै एक्सप्रेस | सहारनपुर से | देहरादून – सहारनपुर | 11.11.2019 से 07.02.2020 |
| 54341 सहारनपुर – देहरादून पैसेंजर | लक्सर पर | लक्सर – देहरादून | 10.11.2019 |

नोट:– यात्रियों से अनुरोध है कि रेलगाड़ियों के ठहराव आदि जानकारी के लिए रेलवे पूछताछ सं. 139 या नज़दीकी रेलवे स्टेशन पर संपर्क करें अथवा रेलवे की www.enquiry.indianrail.gov.in वेबसाइट देखें।

You Tube पर हमें फॉलो करें

सुरक्षा हेल्पलाईन नम्बर 182 एवं रेलयात्री शिकायत हेल्पलाईन नम्बर 138

3550/19

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

जन सम्पर्क - उत्तर रेलवे